aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 Sangeet Gaayan

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Music

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
सत्र–2026–27
कक्षा–12
संगीत–गायन

समयः 3 घंटे 15 मिनट संकेतांकः 338
पूर्णांकः 50

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश–

1–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2–प्रश्न पत्र को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। खण्ड 'क' एवं खण्ड 'ख'।
3–खण्ड 'क' में 5 बहुविकल्पीय, 5 रिक्त स्थान, 5 अतिलघु एवं 5 लघु उत्तरी प्रश्न दिये गये हैं।
4–लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में लिखिये।
5–खण्ड 'ख' में 5 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न तथा इनके आंतरिक विकल्प दिए गये हैं। जिनका उत्तर अधिकतम 100 शब्दों मे लिखिये।
6–सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड'क'

1–बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 5X1=5

(i) एक थाट से दूसरे थाट में प्रवेश करने वाली राग को कहते हैं–
(क) प्रातः कालीन राग (ख) परमेल प्रवेशक राग
(ग) सांय कालीन राग (घ) सन्धि प्रकाश राग।

(ii) दिन के 12 बजे से लेकर रात्रि के 12 बजे तक गायी जाने वाली राग को कहते है–
(क) पूर्व राग (ख) उत्तर राग
(ग) मध्यकालीन राग (घ) सायंकालीन राग

(iii) निम्नलिखित में से कौन सी राग सन्धि प्रकाश राग है?
(क) राग दुर्गा (ख) राग केदार
(ग) राग पूर्वी (घ) राग हमीर

(iv) उत्तर भारतीय संगीत में कुल कितने थाट प्रचलित है?
(क) 72 (ख) 20
(ग) 22 (घ) 10

(v) थाट से उत्पन्न होने वाली राग को कहते है–
(क) आश्रय राग (ख) सन्धि प्रकाश राग
(ग) प्रातःकालीन राग (घ) सांय कालीन राग।

2– रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए– 5X1=5

(i) श्रुतियों की कुल संख्या ––––– होती हैं।

(ii) सा (षडज)स्वर ––––– श्रुति पर विराजमान है।

(iii) श्रुति का शाब्दिक अर्थ––––––होता है।

(iv) उत्तर राग के ––––––स्वर होते है।

(v) संगीत में––––– पद्धतियॉ होती हैं।

3– अतिलघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 5X1=5

(i) न्यास स्वर किसे कहते हैं?

(ii) अल्पत्व स्वर का अर्थ बताइये।

(iii) अंश स्वर को परिभाषित कीजिए।

(iv) आसावरी थाट की एक राग का नाम बताइये।

(v) थाट किसे कहतें हैं?

4–लघु उत्तरीय प्रश्न– 5X2=10

(i) तान किसे कहते है? तान के प्रकार समझाइये।

(ii) थाट–रागों का वर्गीकरण क्या है?

(iii) बहुत्व स्वर को परिभाषित करते हुये उदाहरण भी लिखिये।

(iv) हिन्दुस्तानी और कर्नाटक संगीत पद्धतियों के स्वरों एवं श्रुतियों की तुलना कीजिये।

(v) तानपूरे का सचित्र वर्णन करते हुये, तानपूरे की मिलान विधि लिखिये।

खण्ड 'ख'

5–दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये। 5X5=5

(i) ग्वालियर घराना तथा इसकी विशेषता बताइये।

अथवा

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिये।

ध्रुपद या धमार, ख्याल, टप्पा , ठुमरी, तराना।

(ii) अपने पाठ्यक्रम के किसी एक राग का पूर्ण परिचय तथा इसकी विशेषतायें लिखिये।

(iii) भारतीय संगीत मध्य काल एवं आधुनिक काल का संक्षिप्त इतिहास लिखिये।

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये।

(क) लोक संगीत और शास्त्रीय संगीत।

(ख) मानव जीवन और संगीत।

(ग) संगीत में लय व ताल का महत्व।

(iv) निम्नलिखित में से किसी भी एक ताल का पूर्ण परिचय, ठेका, दुगुन, तिगुन एवं चौगुन की लयकारी लिखिये।

तीनताल, चारताल, धमारताल।

अथवा

निम्नलिखित स्वर समूहों को पहचानकर उन रागों का नाम लिखिये–

(क) रे प, म नि प, म रे सा।

(ख) सा म, म ग प, मे प ध प।

(ग) ध म प ग रे, म प ध नि ध प।

(घ) ग म ध प, मे प ग म रे सा।

(ङ) नि़ सा रे़ ग, रे़ ग रे़ मे ग।

(v) निम्नलिखित में से किसी एक संगीतज्ञ का जीवन परिचय लिखते हुये संगीत क्षेत्र में उनका योगदान बताइये।

(क) पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे।

(ख) पण्डित जसराज।

(ग) एम0एस0 सुबालक्ष्मी।

(घ) पण्डित गोपाल नायक।